# गर्भ परीक्षण किट

# Pregnancy Test Kit

# उद्देश्य

- गर्भ परीक्षण किट द्वारा गर्भ परीक्षण करने के बारे में जानना।

# आवश्यक सामग्री

- गर्भ परीक्षण किट

  जांच कार्ड, डिस्पोजेबल ड्रॉपर, नमी सोखने वाला पैकेट
- साफ सूखा पात्र जिसमें पेशाब एकत्रित किया जा सके।

# विधि

1 सभी आवश्यक सामग्री (निश्चय किट) को तैयार रखें।

2 महिला का प्रातः काल उठते ही एक साफ सूखे पात्र में पेशाब लें।

3 गर्भ परीक्षण किट की दिनांक जांच कर लें, किट की दिनांक अवधिपार न हो।

4 जांच किट पैकेट खोलें और किट बाहर निकालें।

5 जांच परीक्षण किट को समतल जगह पर रखें।

# विधि

6 ड्रॉपर के द्वारा दो बूंद पेशाब एस मार्क नमूना कूप में डालें।

7 पांच मिनट के लिए इन्तजार करें।

नोट– प्रातः काल का नमूना इसलिए लिया जाता है कि पूरी रात के इकट्ठे पेशाब में ह्यूमन कोरियोनिक गोनैडोट्रॉपिन (HCG) हार्मोन का लेवल ज्यादा होता है।



# विवेचना (Interpretation)

- यदि परीक्षण क्षेत्र (टी) में दो जामुनी रेखा दिखाई दें तो इसका अर्थ यह है कि महिला गर्भवती है।
- यदि वह गर्भ रखना चाहती हो तो उसे प्रसव–पूर्व जांच कराने का परामर्श दें।



# विवेचना (Interpretation)

- यदि परीक्षण क्षेत्र (टी) में केवल एक जामुनी रेखा दिखाई दे तो इसका अर्थ है महिला गर्भवती नहीं है।
- उसे परिवार नियोजन के तरीकों के बारे में बताएं और सबसे उपयुक्त तरीका चुनने में उसकी मदद करें।



# विवेचना (Interpretation)

- यदि परीक्षण क्षेत्र (टी) में कोई रंगीन रेखा न दिखाई दे तो अगले दिन सुबह एक नया गर्भ जांच कार्ड लेकर फिर से जांच करें।



# सारांश

- निश्चय किट द्वारा गर्भ की जांच करना एक सरल विधि है।
- निश्चय किट द्वारा गर्भ जांच से गर्भावस्था का शीघ्र पता चल जाता है और गर्भावस्था का जल्दी पंजीकरण हो पाता है।

# धन्यवाद